जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

## कक्षा: 6 वीं से 8 वीं

## सत्र 2025-26

## सेट– C

**प्रश्नों की संख्या : 50** **समय: 1 घंटे 30 मिनट**

**अधिकतम अंक: 50**

---

**1. समुद्र मंथन से उत्पन्न पाँच दिव्य गौओं में से 'सुभद्रा' का प्रमुख गुण क्या बताया गया है?**
(a) आनंद प्रदान करना (b) जगत का कल्याण करना
(c) कष्टों का निवारण करना (d) सिद्धियाँ प्रदान करना।

**2. गौ माता के 'ग्रिवा' (गले) में किस देवता का निवास माना गया है?**
(a) भगवान सूर्य (b) भगवान विष्णु(c) भगवान शिव (d) भगवान इन्द्र।

**3. भविष्य पुराण के अनुसार गौ माता के मस्तक (माथे) के मध्य भाग में किसका वास है?**
(a) चन्द्रमा का (b) अग्नि का (c) ब्रह्मा का (d) शिव का।

**4. अथर्ववेद के 'गौ सूक्त' के अनुसार, माता को विश्व का क्या माना गया है?**
(a) केवल दुग्धदात्री (b) धन का प्रतीक
(c) अमृत का केंद्र (d) इनमें से कोई नहीं।

**5. ऋग्वेद में गायों के लिए प्रयुक्त 'वौषट्' शब्द का क्या तात्पर्य है?**
(a) वह सुंदर है (b) वह वन्दनीय है
(c) वह देवताओं को तृप्त करने वाली है
(d) वह वन में रहती है।

**6. स्कन्द पुराण के अनुसार, गौ माता की एक बार श्रद्धापूर्वक परिक्रमा करने से मनुष्य को क्या फल मिलता है?**
(a) स्वर्ण की प्राप्ति
(b) भूलोक की सात बार परिक्रमा का फल
(c) केवल मानसिक शांति (d) दीर्घायु।

**7. 'गौ और ब्राह्मणों की रक्षा के लिए ही प्रभु ने अवतार लिया है', यह भावना रामचरितमानस के किस कांड के प्रसंग में विशेष रूप से वर्णित है?**
(a) अयोध्या कांड (b) अरण्य कांड
(c) लंका कांड (d) बाल कांड।

**8. भगवान श्रीकृष्ण के राज्याभिषेक के समय उन्हें 'गोविंद' नाम किसने प्रदान किया था?**
(a) कामधेनु और इन्द्र ने (b) महर्षि सांदीपनि ने
(c) नन्द बाबा ने (d) यशोदा मैया ने।

**9. सत्यकाम जाबाल को गुरु ने कितनी गायें वापस लाने पर ही ब्रह्मज्ञान देने की शर्त रखी थी?**
(a) पाँच सौ (b) आठ सौ (c) एक हजार (d) दो हजार।

**10. सत्यकाम को ब्रह्म के 'अनन्त' स्वरूप का ज्ञान किसके द्वारा प्राप्त हुआ?**
(a) वृषभ के द्वारा (b) अग्नि के द्वारा
(c) जलमुर्ग के द्वारा (d) हंस के द्वारा।

**11. राजा दिलीप के गौ–सेवा व्रत के अंतिम दिन, नन्दिनी ने उनकी परीक्षा लेने के लिए कौन–सा मायावी रूप रचा था?**
(a) एक विशाल सांप का (b) एक हिंसक सिंह का
(c) एक शिकारी का (d) एक दानव का।

**12. महाभारत के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान अर्जुन ने 'बृहन्नला' रूप में रहकर किनकी गौओं को कौरवों से छुड़ाया था?**
(a) राजा द्रुपद की (b) राजा विराट की
(c) महर्षि वशिष्ठ की (d) इनमें से कोई नहीं।

**13. राजा ऋतम्भर की कथा के अनुसार, गौ–सेवा का सबसे प्रमुख नियम क्या था?**
(a) गाय के बैठने पर बैठना और चलने पर चलना
(b) केवल सुबह पूजा करना
(c) गाय को सोने के पात्र में जल पिलाना
(d) इनमें से कोई नहीं।

**14. सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल के किस वर्ष में बैलों को कष्ट देने और पशुवध पर प्रतिबंध का शिलालेख लिखवाया था?**
(a) प्रथम वर्ष (b) दसवें वर्ष (c) चौदहवें वर्ष (d) सत्ताईसवें वर्ष।

**15. 'फतवे–ए–आलमगीरी' और अन्य मुगल दस्तावेजों के अनुसार, किस शासक ने गौ हत्या पर कड़ा प्रतिबंध लगाया था?**
(a) औरंगजेब (b) हुमायूँ (c) अकबर (d) शाहजहाँ।

**16. ईसाई धर्म के किस महान संत ने कहा था कि 'पशु भी हमारे छोटे भाई–बहन की तरह हैं'?**
(a) सेंट थॉमस (b) सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी
(c) सेंट पीटर (d) सेंट पॉल।

**17. पारसी धर्म के धर्मग्रंथ 'अवेस्ता' के अनुसार, गौ की आत्मा को क्या कहा गया है?**
(a) दिव्य नूर (b) देव–शक्ति (c) गेउश उर्वा (d) गो–लोक।

**18. बालक शिवाजी को उनके पिता शाहजी राजे ने विजापुर भेजते समय मुख्य रूप से कौन सा संकल्प दिया था?**
(a) केवल व्यापार करने का (b) गौ–ब्राह्मण प्रतिपालन का
(c) केवल शस्त्र चलाने का (d) युद्ध जीतने का।

**19. पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने किस संस्थान के माध्यम से गौ सेवा और दुग्ध क्रांति को वैज्ञानिक रूप दिया था?**
(a) गौ सेवा संघ, बनारस (b) भारतीय कृषि परिषद
(c) अमूल डेयरी (d) इनमें से कोई नहीं।

**20. भारतीय गौवंश की वह कौन सी नस्ल है जिसे 'ब्राजील' में ले जाकर वहां की दुग्ध क्रांति का आधार बनाया गया?**
(a) हरियाणा (b) साहिवाल (c) नागौरी (d) गिर।

**21. नागौरी नस्ल के गौवंश की सबसे प्रमुख कार्यक्षमता क्या मानी जाती है?**
(a) बहुत अधिक दूध देना
(b) तेज दौड़ने और कृषि कार्य में निपुणता
(c) बहुत छोटे कद का होना (d) ठंडे प्रदेशों में रहना।

**22. छत्तीसगढ़ की 'कोसली' गाय को किस वर्ष में राष्ट्रीय गोवंश नस्ल के रूप में आधिकारिक पंजीकरण प्राप्त हुआ?**
(a) 2012 (b) 2010 (c) 2015 (d) 2018.

**23. 'कोसली' नस्ल के सांडों का औसतन वजन लगभग कितना होता है?**
(a) 150-200 किग्रा (b) 500-600 किग्रा
(c) 250-350 किग्रा (d) 400-450 किग्रा।

**24. देशी गाय में 'सूर्यकेतु नाड़ी' का मुख्य वैज्ञानिक कार्य क्या है?**
(a) गाय की नींद कम करना
(b) सूर्य की किरणों से दूध में स्वर्ण तत्वों का संचार करना
(c) गाय को अधिक प्यास लगाना
(d) गाय की गति बढ़ाना।

**25. विदेशी गायों (जैसे जर्सी) में देशी गायों की तुलना में किस अंग की कमी होती है जो उन्हें भारतीय गर्मी के प्रति संवेदनशील बनाती है?**
(a) सींगों की (b) दूध की ग्रंथियों की
(c) गल कंबल और पसीने वाली ग्रंथियों की
(d) आँखों की रोशनी की।

**26. देशी गाय के दूध में पाया जाने वाला 'Beta-Carotene' इसे किस रंग की आभा प्रदान करता है?**
(a) गहरा सफेद (b) हल्का पीला
(c) नीलापन लिए हुए (d) हल्का गुलाबी।

**27. आयुर्वेद के अनुसार भैंस का दूध किन लोगों के लिए वर्जित बताया गया है?**
(a) पहलवानों के लिए
(b) अधिक शारीरिक श्रम करने वालों के लिए
(c) मंदाग्नि और कफ के रोगियों के लिए
(d) इनमें से कोई नहीं।

**28. किस वैज्ञानिक शोध के अनुसार देशी गाय का दूध बुद्धि और स्मरण शक्ति को तीव्र करने में विशेष सहायक है?**
(a) केवल भारतीय परंपरा
(b) रूसी और पाश्चात्य वैज्ञानिक शोध
(c) केवल लोककथाएँ (d) इनमें से कोई नहीं।

**29. 'Al' और 'A2' दूध के वर्गीकरण में देशी गाय के दूध को किस श्रेणी में रखा गया है?**
(a) A2 श्रेणी (b) A1 श्रेणी
(c) दोनों श्रेणियों में (d) किसी में नहीं।

**30. गाय के दूध में पाया जाने वाला 'Cerebrosides' तत्व शरीर के किस अंग के लिए सबसे महत्वपूर्ण है?**
(a) हड्डियों के लिए (b) आँखों के लिए
(c) पाचन के लिए (d) मस्तिष्क और बुद्धि विकास के लिए।

**31. 'आयुर्वेघृतम्' (गाय के घी) को कितने समय तक पुराना होने पर 'महाऔषधि' माना जाता है?**
(a) 1 वर्ष (b) 10 वर्ष या उससे अधिक
(c) 1 महीना (d) केवल ताज़ा।

**32. गौ–मूत्र में 'Carbolic Acid' की उपस्थिति का मुख्य औषधीय लाभ क्या है?**
(a) यह रक्त बढ़ाता है
(b) यह कीटाणुनाशक और एंटी–सेप्टिक का कार्य करता है
(c) यह मीठा होता है (d) यह भूख बढ़ाता है।

**33. कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में गौ–मूत्र अर्क किस प्रकार सहायता करता है?**
(a) यह DNA डैमेज को रोकने और दवाओं की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है
(b) यह बीमारी को केवल दबा देता है
(c) यह केवल दर्द कम करता है (d) इनमें से कोई नहीं।

**34. गाय के गोबर में 'लक्ष्मी' का वास होने का व्यावहारिक अर्थ किस संदर्भ में है?**
(a) केवल पूजा में
(b) भूमि की उर्वरता और कृषि समृद्धि के संदर्भ में
(c) केवल सजावट में (d) इनमें से कोई नहीं।

**35. गोबर से बनाई गई 'राख' का प्रयोग दाँतों के किस रोग के लिए रामबाण माना गया है?**
(a) दाँत टूटने के लिए (b) दाँत सफेद करने के लिए
(c) पायरिया और मसूड़ों की सूजन (d) इनमें से कोई नहीं।

**36. 'स्वर्णप्राशन' संस्कार में सोने की भस्म के साथ किन दो गौ–उत्पादों का मिश्रण अनिवार्य है?**
(a) दूध और दही (b) गौमूत्र और घी
(c) दूध और मट्ठा (d) गौघृत (घी) और शहद।

**37. स्वर्णप्राशन किस विशेष नक्षत्र में औषधीय प्रभाव अधिकतम होने के कारण दिया जाता है?**
(a) अश्विनी नक्षत्र (b) पुष्य नक्षत्र (c) रोहिणी नक्षत्र (d) रेवती नक्षत्र।

**38. नियमित स्वर्णप्राशन से बच्चों के शरीर में मुख्य रूप से क्या बढ़ता है?**
(a) केवल लंबाई (b) रोग प्रतिरोधक क्षमता
(c) केवल वजन (d) आलस।

**39. स्वर्णप्राशन संस्कार किस आयु वर्ग तक के बच्चों के लिए शास्त्र सम्मत है?**
(a) केवल 1 वर्ष तक (b) 20 वर्ष के बाद
(c) जन्म से 16 वर्ष तक (d) केवल वृद्धों के लिए।

**40. समुद्र मंथन के समय उत्पन्न होने वाली गौओं का क्रम क्या था?**
(a) अमृत के बाद (b) प्रथम रत्न के रूप में
(c) सातवें रत्न के रूप में (d) चौदहवें रत्न के रूप में।

**41. गौ माता के शरीर के किस भाग में 'उष्मप' (पितृगण) का निवास माना गया है?**
(a) सींगों के अग्र भाग में (b) खुरों के मध्य में
(c) रोम कूपों (बालों) में (d) कानों के भीतर।

**42. प्राचीन शाखों में 'गव्य' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?**
(a) गाय से प्राप्त पवित्र पदार्थों के लिए
(b) केवल दूध के लिए
(c) गाय के मांस के लिए (d) केवल गाय के चारे के लिए।

**43. महाराज दशरथ ने गौदान करते समय मुख्य रूप से किस प्रकार की गायों को चुना था?**
(a) जो बूढ़ी हो चुकी हों
(b) जो बछड़ों सहित और सुसज्जित हों
(c) जो केवल दूध न देती हों (d) इनमें से कोई नहीं।

**44. भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में 'गोवर्धन पूजा' प्रारंभ करवाकर किस देवता के अहंकार को नष्ट किया?**
(a) इन्द्र देव (b) वरुण देव (c) कुबेर देव (d) अग्नि देव।

**45. श्रीकृष्ण के समय में 'वृषभ' (बैल) को किसका प्रतीक मानकर सम्मान दिया जाता था?**
(a) युद्ध का (b) शक्ति प्रदर्शन का
(c) क्रोध का (d) धर्म का।

**46. सत्यकाम को ब्रह्म के 'प्रकाशस्वरूप' होने का उपदेश किसने दिया था?**
(a) हंस ने (b) अग्नि ने (c) वृषभ ने (d) जलमुर्ग ने।

**47. अमृत महाल नस्ल का विकास किस ऐतिहासिक शासक के काल में विशेष रूप से हुआ?**
(a) टीपू सुल्तान और हैदर अली (b) महाराज रणजीत सिंह
(c) सम्राट अशोक (d) महाराणा प्रताप।

**48. कोसली गाय के कूबड़ (ककुद) की संरचना उसे किस कार्य के लिए उपयुक्त बनाती है?**
(a) भारी बोझ ढोने के लिए
(b) दलदली और ऊबड़–खाबड़ खेतों में कृषि के लिए
(c) केवल दौड़ लगाने के लिए (d) इनमें से कोई नहीं।

**49. वेदों के अनुसार गाय के घी से निकलने वाली ऊर्जा किस विकिरण को कम करने में सक्षम है?**
(a) केवल धूल
(b) परमाणु विकिरण के प्रभाव को भी
(c) केवल धुआँ (d) बिल्कुल नहीं।

**50. आयुर्वेद के अनुसार गौ–मूत्र को संचय करने के लिए सबसे उत्तम पात्र कौन सा है?**
(a) प्लास्टिक (b) कांच या मिट्टी
(c) एल्युमिनियम (d) तांबा।

●●

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/